संख्या—1188 / 77—3—14—2(बजट) / 2014

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उ.प्र. शासन ।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
यूपीडा, पर्यटन भवन, गोमतीनगर,
लखनऊ।

औद्योगिक विकास अनुभाग—3 लखनऊ : दिनांक 19 अगस्त, 2014

विषयः— यूपीडा के प्रशासनिक व्यय हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक यूपीडा के पत्र सं0—464 / यूपीडा / 08 / 147—।।।, दिनांक 17.07.2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "आगरा से लखनऊ एक्सप्रेसवे" परियोजना के कियान्वयन के लिए प्रशासनिक व्यय हेतु वित्तीय वर्ष 2014—15 में धनराशि रू.2,43,00,000.00 (रूपये दो करोड़ तैंतालीस लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :—

(1) यूपीडा द्वारा किसी भी स्थायी देयता का सृजन नहीं किया जायेगा। समस्त पद प्रतिनियुक्ति पर / सेवा स्थानान्तरण पर अथवा सेवा प्रदाता के माध्यम से अनुबन्ध पर ही भरे जायेंगे।

(2) यूपीडा द्वारा गाड़ियों का क्रय नहीं किया जायेगा अपितु किराये पर ही वाहन लिये जायेंगे।

(3) धनराशि का आहरण एकमुश्त न करके केवल वास्तविक आवश्यकतानुसार फेजिंग करते हुए आहरण किया जायेगा तथा आहरित धनराशि बैंक में नहीं रखी जायेगी।

(3) धनराशि सक्षम स्तर के अनुमोदन से नियमानुसार व्यय की जायेगी तथा स्वीकृत धनराशि को व्यय किये जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या—बी—1—2457 / दस—2014—231 / 2014, दिनांक 22.07.2014 द्वारा जारी दिशा—निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) धनराशि का मासिक व्यय विवरण यूपीडा द्वारा वित्त विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र बी0एम0—13 में वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग—6 एवं औद्योगिक विकास अनुभाग—3, उ0प्र0शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

2. उपर्युक्त प्रस्तर—1 में वर्णित धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014—2015 के आय—व्यक में उद्योग विभाग की अनुदान संख्या—7 के आयोजनागत पक्ष में लेखाशीर्षक—"5054—सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय—03—राज्य राजमार्ग—337 सड़क निर्माण कार्य—03—आगरा से लखनऊ एक्सप्रेस वे परियोजना—24 बृहद निर्माण कार्य" के नामें डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई–6–462/दस–2014, दिनांक 08–08–2014 में उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

( अनिल कुमार )
अनु सचिव।

संख्या–1188(1)/77–3–14–तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः –

1–महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,इलाहाबाद।
2–महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,इलाहाबाद।
3–आयुक्त एवं निदेशक,उद्योग निदेशालय,उ.प्र.,कानपुर।
4–मुख्य/वरिष्ठकोषाधिकारी, लखनऊ।
5–निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6–वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–6/औद्योगिक विकास अनुभाग–2
7–वित्त(आय–व्ययक) अनुभाग–1/नियोजन अनुभाग–4
8–गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

( अनिल कुमार )
अनु सचिव।